एक नजर में

नपा आरआई श्री कृष्ण पाल यादव दिवंगत

पचोर 26 मार्च, सं. नगर परिषद पचोर में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ श्री कृष्ण पाल यादव पप्पू भैया का 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वे कुछ समय से अस्वस्थ थे. नगर में पप्पू भैया के नाम से पहचाने जाने वाले श्री कृष्ण पाल यादव सहज, सरल एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे. उनके निधन पर नगर में शोक व्याप्त हो गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि के उनके पुत्र हर्ष यादव ने दी.

कैलादेवी मंदिर पर भण्डारा कल

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 26 मार्च, का. स्थानीय शहीद कॉलोनी स्थित माँ कैलादेवी मंदिर धाम पर कल 28 मार्च को भण्डारे का आयोजन रखा गया है. नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर धाम पर धार्मिक आयोजन, अनुष्ठान चल रहे है. जानकारी के अनुसार नवरात्रि के समापन अवसर पर कल भण्डारा होगा. शाम के समय महाआरती के बाद भण्डारा प्रारंभ होगा. श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में भण्डारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया गया है.

5 दिवसीय भूकंप प्रशिक्षण का शुभारंभ

राजगढ़ 26 मार्च, का. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन गुरूवार को किया गया. यह प्रशिक्षण 30 मार्च तक पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जाएगा. जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि प्रोफेसर पालिटेक्निक महाविद्यलाय राजू जैतवाल द्वारा शुभारंभ किया. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डॉ. रजत कुलश्रेष्ठ एवं डीआर वर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट एवं प्लाटून कमाण्डर सुनिल अहिरवाल होमगार्ड द्वारा भूकंप जैसे आपदाओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक, सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई.

3 महीने पहले गुम हुए बालक को ढूंढ निकाला

ब्यावरा 26 मार्च, का. ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना ब्यावरा शहर पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया. घटना बीते 11 मार्च की है. फरियादी द्वारा थाना ब्यावरा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका नाबालिग बालक 10 जनवरी 2026 से ब्यावरा बस स्टैंड से बिना बताए कहीं चला गया है. रिपोर्ट पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 171/26 धारा 137(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. चूंकि मामला नाबालिग से संबंधित था, अतः पुलिस टीम द्वारा विभिन्न पहलुओं पर गहन जांच एवं सतत तलाश की गई. लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप 24 मार्च को पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया.

जीरापुर में फाल्ट, पड़ाना में 7 दिनों से सप्लाई बंद

भैंसवामाताजी में ट्रीटमेंट प्लांट भी सूना पड़ा, यहीं से पड़ाना सहित करीब 70 गांवों में पेयजल सप्लाई पहुंचेगी

ठेकेदार के भरोसे जलजीवन मिशन, फिर टैंकरों के भरोसे 14 सौ कनेक्शनधारी

नवभारत न्यूज

पड़ाना 26 मार्च, सं. पड़ाना गांव के निवासियों के भाग्य में शायद सरकारी सुविधा से साफ पानी पीना लिखा ही नहीं है. जैसे-तैसे यहां कुण्डालिया बांध से जलजीवन मिशन द्वारा पाईप लाईन बिछाकर पेयजल टंकी के माध्यम से जलवितरण की व्यवस्था की गई. लेकिन यह व्यवस्था भी खुद अव्यवस्थाओं का शिकार हो रही है. इसी के कारण बीते करीब 7 दिनों से पड़ाना में पेयजल वितरण नहीं हो पा रहा है. नागरिक हमेशा की तरह टैंकरों, टयूबवेल और रीत रहे हैण्डपंपों के भरोसे है. बीते दो सालों से पड़ाना में यही दृश्य हर बार गर्मियों से पहले नजर आता है. पूरे ग्रीष्म काल में ये ग्रामीण पानी को लेकर जद्दोजहद करते रहते है. किसी सजा की तरह पड़ाना के लोगों ने इस पीढ़ा को जैसे स्वीकार कर लिया है.

भैंसवामाताजी स्थित एमबीआर से पड़ाना कस्बे में होती है सप्लाई



जानकारी के अनुसार कुण्डालिया बांध से पड़ाना कस्बे के करीब डेढ़ हजार जल उपभोक्ताओं को पेयजल दिया जाना परियोजना में सुनिश्चित है. इसके लिए पाईप लाईन और टंकी की निर्माण हो चुका है. लेकिन पेयजल की सप्लाई सुचारू नहीं है. इस बार जीरापुर और कुण्डालिया बांध के आसपास पाईप लाईन में डैमेज आया हुआ है. इसे सुधारने में करीब 5 दिनों का समय गुजर चुका है. बुधवार को राज्यमंत्री डॉ गोतम टेटवाल प्रशासन के साथ मीटिंग में अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके है.

भैंसवामाताजी एमबीआर तक नहीं पहुंच रहा पानी

जीरापुर से पानी पाईप लाईन द्वारा भैंसवामाताजी एमबीआर यानी मेम्बरेंस बायो रिएक्टर अर्थात एक तरह से ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचता है. यहां से पेयजल की लाईन पड़ाना गांव की ओर जाती है और यहीं से आसपास के करीब 70 गांवों में पेयजल सप्लाई होनी है. लेकिन दुविधा यह है कि जीरापुर के पास फाल्ट के कारण ना तो पेयजल सप्लाई भैंसवामाताजी एमबीआर तक हो रही है और ना ही यहां से पड़ाना तक पानी पहुंच रहा है. गत दिवस बुधवार को राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने कलेक्टर और विभागों के समय समीक्षा बैठक की थी. जिसमें उन्होंने जल निगम विभाग द्वारा पेयजल टंकी निर्माण में देरी और गांवों में जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू न होने पर मंत्री ने गहरी नाराजगी व्यक्त की. अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सभी लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं. मंत्री की फटकार के बाद भी जलजीवन मिशन स्पष्ट तौर पर यह नहीं बता पा रहा है कि कब तक पड़ाना में पेयजल सप्लाई को सुचारू कर दिया जाएगा.

कागजों में काम और अवार्ड, धरातल पर परेशानी

जलजीवन मिशन की ओर से बीते दिनों गांवों में शत प्रतिशत पेयजल सप्लाई के रिकॉर्ड दिए गए थे. इसे लेकर अधिकारियों को कई स्तरों पर अवार्ड भी मिले. लेकिन मैदानी हकीकत इससे कोसो दूर है. यदि इन गांवों पर वास्तविक नजर दौड़ाई जाए तो 24 घंटे पानी देने की बात सिर्फ रस्म अदायगी है. इसका उदाहरण पड़ाना से ही देखा जा सकता है.

दो साल से पानी के इंतजार में

पड़ाना कस्बे में हालात इस बार भी बीते दो वर्षों की तरह नजर आ रहे है. ग्रामीण करोड़ा की परियोजना होने के बाद भी टैंकरों पर अपनी नंबर को लेकर मशक्कत करते नजर आते है. काम पर जाने के समय ग्रामीणों को पेयजल की जुगत करनी पड़ रही है.

जल्द शुरू होगी सप्लाई, काम जारी है

इधर मामले में जलजीवन मिशन के अधिकारी सचिन दांगी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि जीरापुर के समीप लाईन डैमेज होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है. उन्होंने बताया कि हमने संबंधित निर्माण एजेंसी को सूचित किया है और इस पर सुधार का काम जारी है. जल्द एमबीआर भैंसवामाताजी तक पानी पहुंचेगा और यहां से पड़ाना में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी.

नाबालिग साथ अप्राकृतिक के आरोपी को गिरफ्तार किया

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 26 मार्च, का. थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. घटना एक दिन पूर्व 25 मार्च की है. प्रात: 03 बजे के करीब नाबालिग पीड़ित अपने पिता के साथ थाने पर आया एवं सूचना दी कि 24 मार्च को शाम 6.30 बजे के करीब लाईट ना होने की वजह से गांव पर ही स्थित पंप हाउस पर सिक्योरिटी का काम करने वाले देवराज सौंधिया के पास अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए दिया था. रात्रि 10.30 बजे के करीबन जब उक्त नाबालिग अपना मोबाइल वापस लेने गया तो आरोपी देवराज द्वारा पंप हाउस की ऊपर की लाइट बंद करने का बहाना कर पीड़ित को अपने साथ ऊपर बन कमरे में ले गया जहां आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर चोट पहुंचाई गई. घटना के संबंध में सूचना वरिष्ठ अधिकारी को देते हुए नाबालिग से संबंधित अपराध पाए जाने से अपराध क्र. 176/26, धारा 115(2) बीएनएस 3, 4(2) पॉक्सो एक्ट में पंजीबद कर विवेचना में लिया गया. पुलिस टीम ने गहन छानबीन के आधार पर आरोपी देवराज पिता धीरप सौंधिया(उम्र 25 साल) निवासी ग्राम रोज्या को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया. जिसके पश्चात उसे तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है.

अथर्व वैष्णव को सुयश

पचोर 26 मार्च, सं. मास्टर टैलेंट पब्लिक स्कूल के छात्र अथर्व वैष्णव ने पांचवी बोर्ड परीक्षा में 84 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. अथर्व वैष्णव नगर परिषद कर्मचारी विजय वैष्णव के सुपुत्र है. अथर्व वैष्णव की इस उपलब्धि पर मास्टर टैलेंट कन्वेंट स्कूल के प्राचार्य शिक्षक शिक्षकों ने बधाई शुभकामनाएं दी.



मास्टर माइंड एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

तलेन 26 मार्च, सं. स्थानीय मास्टरमाइंड एकेडमी में इस वर्ष भी कक्षा पांचवी एवं आठवीं में नगर एवं विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया. जिसमें कक्षा आठवीं की छात्र/छात्राएं क्रमश: मोहिनी राजपूत 92.1 एवं शिफा अंसारी 92, दीपिका राजपूत 91.6, अनुराधा शर्मा 91.2, प्रतीक्षा राजपूत 91.2, महिमा यादव पुत्री मान सिंह (फौजी सरकार)91, विकास नाथ 90 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. कक्षा पांचवी में इशिका यादव ने 91 प्रतिशत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. बच्चों के परिजन एवं विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

दिव्य दरबार 30 मार्च को

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 26 मार्च, का. नगर के समीप ब्यावरा रोड़ स्थित दंड जोड़ पर आगामी 30 मार्च को बाबा श्रीरामदेवजी महाराज सेवा समिति एवं समस्त भक्तगणों की ओर से दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा. दिव्य दरबार टिकोन वाले बापजी के सानिध्य में किया जाएगा. जानकारी देते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने बताया कि आगामी 30 मार्च को दंड जोड़ पर दोपहर 12 बजे से दिव्य दरबार का आयोजन होगा. कार्यक्रम दंड जोड़ कालीपीठ मार्ग पर आयोजित होगा. आयोजन में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से पधारकर बाबा का आशीर्वाद एवं दिव्य दरबार का लाभ प्राप्त करने की अपील की है.



त्यौहारों को सद्भाव से मनाने की अपील

नवभारत न्यूज

तलेन 26 मार्च, सं. आगामी त्यौहारों रामनवमी, हनुमान जयंती व महावीर जयंती में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को तलेन थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई.

बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मनोज शर्मा, थाना प्रभारी राकेश दामले, नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष चंदर सिंह यादव ने की. वहीं बैठक में आगमी त्योहारों की व्यवस्थाओं व रुपरेखा के संबंध मे चर्चा हुई. इस मौके पर नगर भाजपा अध्यक्ष कैलाश मोहन यादव, मनमोहन यादव, अवध नारायण उपाध्याय, महेश भतकारिया, सतीश यादव, कय्यूम खान, राजेंद्र यादव, गोलू जोशी, मान सिंह यादव सहित शांति समिति के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक गण व नेतागण उपस्थित थे.

सौंदर्य वह है जिसकी लोग चर्चा करें आइने में सौंदर्य का कोई मतलब नहीं

नवभारत न्यूज

पड़ाना 26 मार्च, सं. तन की सुंदरता व्यक्तित्व का परिचय नहीं होता है. तन को सजा लेना बहुत ही सरल है, लेकिन मन को निर्मल बनाना बहुत कठिन है. इसलिए ही कहा जाता है कि आईने के सौंदर्य का कोई मतलब नहीं होता है. किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके सौंदर्य की चर्चा लोग करते हैं.

बिजासन धाम में विराजमान भेसवा माताजी को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री राम कथा सुनाने के लिए श्री धाम अयोध्या से उपस्थित हुए प्रेमभूषणजी महाराज ने नौ दिवसीय कथा के आठवें दिन व्यासपीठ से उक्त बातें कहीं.

प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि तन की लंबाई से मनुष्य बड़ा नहीं होता है मनुष्य का का बड़प्पन, उसका बड़ा होना, उसके श्रेष्ठतम जीवन से संबंधित होता है. व्यक्ति का अचार, विहार और आहार ही उसे श्रेष्ठतम बनता है और कब वह बाद कहा जाता है. सामान्य जीव तो केवल अपने बारे में सोचता है. जिसको भागवत प्रेरणा होती है वही भागवत कार्य में प्रवेश होता है.

महाराज श्री ने कहा कि भगवत कार्य में लगे हुए लोग परमार्थ कार्य के लिए मांगने और देने में कोई संकोच नहीं करते है. सामान्य व्यक्ति को तो केवल अपनी ही चिंता खाये जाती है. हम कलयुग में वास कर रहे हैं और इस युग में दान को सर्वश्रेष्ठ धर्म कहा गया है. किसी भी प्रकार से भगवत कार्य के लिए एक मुट्ठी अन्न का भी दान करना बहुत बड़ा पूण्य का कार्य माना जाता है. लेकिन देना सरल नहीं है. देने की प्रवृत्ति हर किसी के पास नहीं होती. इसके लिए भी बहुत प्रयास करके अभ्यास करना होता है. हम प्रयास करें कि भगवान की याद हमें आती रहे और भगवान के प्रेम की आंधी बहती रहे. जिसके जीवन में धर्म है, भगवान उसी को प्रेम करते हैं. हर किसी को वह व्यक्ति प्रिय होता है जो आपके मन को समझता हो. ऐसा विश्वास हो कि वह ऐसा नहीं कर सकते हैं.

आराध्या वैष्णव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

नवभारत न्यूज, पचोर 26 मार्च, सं. मास्टर टैलेंट पब्लिक स्कूल की के छात्रा आराध्या वैष्णव ने पांचवी बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. आराध्या वैष्णव नगर परिषद कर्मचारी विजय वैष्णव की सुपुत्री है. आराध्या वैष्णव की इस उपलब्धि पर मास्टर टैलेंट कन्वेंट स्कूल के प्राचार्य व स्टाफ ने शुभकामनाएं दी.

मिडिल स्कूल रिजल्ट में आइडियल कॉन्वेंट का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 मार्च, का. आईडियल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, ब्यावरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. कक्षा 8वीं के कुल 54 विद्यार्थियों में से 53 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा. इस कक्षा में राशि मेवाड़े ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. इसके अलावा मदीहा गौरी (91.2त्न), प्रसन्न गौर (90.5त्न), वंश गुप्ता (90.5) तथा प्रिया यादव ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इसी प्रकार कक्षा 5वीं में कुल 46 विद्यार्थी सम्मिलित हुए. जिनमें से सभी 46 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और परिणाम 100 प्रतिशत रहा. इस कक्षा में अंजली यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हनिष्का बंजारा (89), इशरत खान (88) और समर मीना (87) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया. विद्यालय के प्रबंधन एमएस सैफी ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं



मोक्षधाम : एक करोड़ में संवारेंगे पचोर के पुराने मुक्तिधाम को

वार्ड 3 में पुराने मुक्तिधाम को दिया जाएगा मोक्षधाम का स्वरूप

नवभारत न्यूज

पचोर 26 मार्च, सं. नगर के वार्ड 3 में मोक्षधाम के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति हो गई है. वार्ड में स्थित पुराने मुक्तिधाम को मोक्षधाम का स्वरुप प्रदान करते हुए यहां निर्माण कार्य के साथ सौंदर्यीकरण किया जाएगा. एक करोड़ से अधिक की लागत से मोक्षधाम का निर्माण किया जाएगा. जानकारी के अनुसार नपा द्वारा वार्ड 3 में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के पीछे स्थित मुक्तिधाम परिसर में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से मोक्षधाम का निर्माण किया जाएगा. इसकी प्रशासकीय हो गई है अब जल्द ही टेंडर की प्रकिया शुरु होगी. गौरतलब है कि वार्ड 3 से नगर के मुख्य मुक्तिधाम की दूरी करीब डेढ़ किमी है. जिसके कारण किसी शवयात्रा को वहां तक पहुंचने में काफी लम्बा सफर तय कर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

अब वार्ड 3 में ही मोक्षधाम बनने से काफी सुविधा होगी. मोक्षधाम में 1 शेड, 1 श्रद्धांजलि सभा हॉल, एक स्टोर रुम, बैठक हेतु दो छतरी का निर्माण होगा. मोक्षधाम में एक मंदिर का निर्माण भी किया जाएगा. साथ ही यहां ग्यारहवें के कार्यक्रम हेतु भी बैठक व्यवस्था रहेगी.

अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़

नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 26 मार्च, सं. नगर में मंगलवार रात्रि से पेट्रोल पंप पर अचानक मोटरसाइकिल ट्रैक्टर जीप की भीड़ लग गई. पेट्रोल डीजल की कमी की अफवाह खेलते ही पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों की कतारें लग गई. लोग आवश्यकता से अधिक पेट्रोल डीजल लेने गाड़ियों के साथ आकर लाइनों में लग गए. बुधवार सुबह से ही पुलिस पंपों पर पहुंची थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा टीम सहित और राजस्व विभाग पटवारी कर्मचारी पेट्रोल पंप पर पहुंचे. लोगों को समझाईश दी तथा पेट्रोल पंप संचालक को से भी बात की. डीजल पेट्रोल की कोई कमी नहीं अपवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी. थाना प्रभारी ने बताया पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है. अफवाहों पर ध्यान नहीं दे.

नगर पालिका परिषद की बैठक में 68 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित, प्रत्येक वार्ड में कम से कम 25 लाख रूपये के होंगे विकास कार्य

परिषद का बजट : 10 करोड़ से बदलेंगे ब्यावरा नगर की तस्वीर

सीएम की घोषणा से प्राप्त होने वाली राशि से विकास की रूपरेखा बनाई नपा ने

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 मार्च,का. नगरपालिका परिषद ने अपने बजट सम्मेलन में आगामी वर्षो के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सीएम की घोषणा से प्राप्त होने वाले 10 करोड़ रूपये से नगर की तस्वीर बदलने के लिये विभिन्न प्रस्तावित निर्माण कार्यो की कार्ययोजना को सार्वजनिक करते हुए उन्हें स्वीकृति प्रदान की.

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नगर विकास हेतु परिषद को 10 करोड़ रूपये देने की घोषणा की थी.

सीएम की घोषणा उपरांत प्राप्त होने वाली इस राशि को नपा ने अपने प्रस्तावित बजट में शामिल करते हुए इस राशि को कैसे खर्च किया जायेगा इसकी कार्ययोजना बजट में प्रस्तुत करते हुए इसे परिषद से स्वीकृति प्रदान की.

नपा ने इस वर्ष अपना करीब 68 करोड़ 11 लाख रूपये का बजट प्रस्तुत किया. इसमें शासन से और सीएम घोषणा से प्राप्त होने वाली तथा नपा की विभिन्न मदों से होने वाली आय की राशि भी शामिल है. नपा की बजट बैठक में कई महत्वपूर्ण लिये गये. इनमें प्रमुख रूप से सीएम की घोषणा से प्राप्त होने वाली 10 करोड़ रूपये की राशि से होने वाले संभावित विकास कार्यो का भी खुलासा किया गया है.

नपा ने 10 करोड में से ओल्ड सुठालिया रोड पर डामरीकरण कराने में 50 लाख, ऑडिटोरियम इंटिरियल कार्य को पूर्ण करने में 150 लाख रूपयें, राजगढ रोड पर सब्जी विक्रेताओं के लिए 50 लाख रूपयें में टीनशेड निर्माण कराने, दशहरा मैदान पर आरसीसी कार्य हेतु 100 लाख रूपयें एवं नगर पालिका ब्यावरा के प्रत्येक वार्डो में अनुमानित रूप से कार्य की आवश्यकतानुसार 25-25 लाख रूपये के मान से सीसी व नाली निर्माण कार्य कराने के लिये 450 लाख रूपयें तथा अंजनीलाल मंदिर मार्ग पर सीसी निर्माण कार्य कराने पर 200 लाख रूपयें खर्च करना प्रस्तावित किया गया.

सम्पत्तिकर, जलकर में वृद्धि नहीं..!

नपा ने सम्पत्ति व जलकर की दरों में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया. जो दरें वर्तमान में प्रचलित है वही दर रखे जाने का निर्णय लिया. इसके साथ ही नपा ने स्ट्रीट लाइट के बिलों को कम करने के लिये नगर की स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को सौलर लाईट के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया. मोटर मरम्मत कार्य को ठेके पर दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई. इसके साथ ही अनेक निर्णय सर्वानुमति से पारित किये गये. बैठक में नपा अध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी-स्व. फूल सिंह कुशवाह , अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, अतुल जगताप नपा उपाध्यक्ष, पार्षद श्रीमती उमा पूनम मेवाड़, विक्रम जगताप, गिरिराज शाक्यवार, विष्णु साहू, राजकुमारी कुशवाह, सुमन हरिश राठौर, ताराबाई-गोपाल जाटव, अफरोज इकबाल हुसैन, रूचि-रवि बड़ोने, ज्ञानू विजयवर्गीय, हेमलता शर्मा, राजल बाई रामबाबू प्रजापति, ज्योति महेन्द्र सिलावट, जया मकलेश चौहान, मनीषा रमेश साहू, सीएमओ इकरार अहमद सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहें.

नपा के नवीन भवन और गीता भवन का स्थान चयन

नपा ने बैठक में नवीन नपा कार्यालय भवन हेतु स्थल चयन व डीपीआर शासन को प्रेषित करने की स्वीकृति दी. नगर में गीता भवन निर्माण कार्य का स्थान चयन कर अनुदान राशि की मांग शासन से की गई.

मधुमिलन की लीज वाली भूमि को अपने अधिकार में लेगी नपा

नगरपालिका ने आज हुई बैठक में यह भी निर्णय लिया कि वह मधुमिलन की लीज वाली भूमि को पुन: अपने अधिकार में लेगी. गौरतलब है कि नपा ने करीब चालीस वर्ष पूर्व इस भूमि को मधुमिलन को लीज पर दी थी. जिसे मधुमिलन ने करीब 12-13 वर्षो से लीज नवीनीकरण नहीं कराया है. नपा ने इस भूमि को नियमानुसार अपने अधिकार में लेने व पिछले 12-13 वर्षो की बकाया राशि वसूलने का निर्णय लिया है. मधुमिलन की लीज समाप्ति वाली यह भूमि नपा के लिये बहुत मायने रखती है. इसका बाजार मूल्य 15 करोड़ रूपये से कम नहीं है.